समाज कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(बीएसडब्ल्यू–प्रथम वर्ष)

सत्रीय कार्य : 2022–2023

पाठ्यक्रम शीर्षक

बीएसडब्ल्यूई–001 :समाज कार्य का परिचय

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः
जुलाई, 2022 सत्र– मार्च 31,2023
जनवरी, 2023 सत्र–सितम्बर 30,2023

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के बीएसडब्ल्यू कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातक होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप हमारी मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधारने के लिए अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकें। बीएसडब्ल्यू कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के बी.एस.डब्ल्यू. अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

बीएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष के लिए आपको बीएसडब्ल्यूई 001और अन्य आधार पाठ्यक्रम के लिए प्रत्येक का एक–एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना होगा।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30%भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए**। सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करे, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़े। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

(डॉ.सायन्तनी गुइन)
कार्यक्रम संयोजक
email:sayantaniguin@ignou.ac.in
Ph: 011–29571697

समाज कार्य का परिचय
सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : बीएसडब्ल्यूई– 001
कुल अंक–100

नोट : i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **500** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) यूनाइटेड किंगडम में समाज कार्य के इतिहास की विवेचना कीजिए। 20

अथवा

पहली से आठवीं योजना तक नियोजन प्रणाली और समाज कल्याण को परिभाषित करें। 20

2) समाज कार्य के सामान्य सिद्धांतों को उपयुक्त उदाहरणों के साथ समझाइए। 20

अथवा

मानव समाज के विकास का वर्णन कीजिए और संबंधों की एक प्रणाली के रूप में समाज की चर्चा कीजिए।20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **300** शब्दों में) दीजिए:

क) सामाजिक प्रगति और सामाजिक विकास की अवधारणा को परिभाषित करें। 10

ख) भारतीय समाज पर जाति व्यवस्था का क्या प्रभाव है? समझाइए। 10

ग) व्यक्तित्व विकास में सीखने की भूमिका की विवेचना कीजिए। 10

घ) उपयुक्त उदाहरणों के साथ वृद्धि और इसकी विशेषताओं का वर्णन करें। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **150** शब्दों में) दीजिए:

क) सामाजिक परिवर्तन के कारकों को सूचीबद्ध करें। 5

ख) पूर्वाग्रह की विशेषताओं पर चर्चा करें। 5

ग) समाज कल्याण में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 5

घ) बाल्यावस्था की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 5

ङ) एरिक एरिकसन द्वारा दिए गए व्यक्तित्व के सिद्धांत को परिभाषित करें। 5

च) रक्षा तंत्र से आप क्या समझते हैं ? समझाइए। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (लगभग **100** शब्दों में) लिखिए:

क) सांस्कृतिक बहुलवाद 4

ख) अधिशासी (executive) के कार्य 4

ग) सामाजिक स्तरीकरण 4

घ) समाजीकरण 4

ङ) सामाजिक परिवर्तन 4

च) चैरिटी 4

छ) समाज कार्य मूल्य 4

ज) प्रारंभिक बचपन 4